Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 03-12-2021 | अंक 73

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सूचना

बरही प्राइवेट आईटीआई में 30 नवंबर तक वैसे बच्चे जो फीटर में नामांकन करवाना चाहते है। वैसे बच्चो के लिए फिटर में भारी छूट है। मात्र 25000 में फीटर कम्पलीट कराया जा रहा है। वैसे बच्चे जो SC,ST,OBC के अन्तर्गत आते है। उन बच्चों को कल्याण विभाग की और से 18000 की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।

बरही प्रा. आई.टी.आई.
Reg. DGT-6/34/1/2017-TC
भारत सरकार के (NCVT) द्वारा मान्यता प्राप्त
● ST, SC, OBC के छात्र एवं छात्राओं को कल्यान विभाग के द्वारा छात्रवृति की सुविधा
● योग्य शिक्षकों के द्वारा पठन-पाठन की व्यवस्था
● बैंक, रेलवे एवं कम्पटीशन की तैयारी की व्यवस्था
ट्रेड- फीटर एवं इलेक्ट्रिशियन
SESSION 2021-2023
Hurry Up Seats are Limited
Admission Open
Contact: 8877775001 9431362225
पता- गया रोड बरही, नियर रेलवे ओवर ब्रीज

# महिलाओ के विकास के बिना देश का विकास संभव नही : सकलदेव यादव

## धोबियापहरी में आजीविका महिला मंडल की सखी सम्मेलन आयोजित

**अपेम लाइवः बरही**

भंडारो पंचायत के धोबियापहरी में आजीविका महिला मंडल समूह की ओर से सखी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भंडारो पंचायत के मुखिया सह प्रधान सकलदेव यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आजिविका महिला मंडल से जुड़ी महिलाओं ने स्वयं सहायता समूह पर चर्चा की। मौके पर सेल्फ हेल्फ़ ग्रुप की जरूरत पर प्रकाश डाला गया। महिलाओं को संबोधित करते हुए हुए मुखिया सकलदेव यादव ने कहा कि आजीविका मिशन के तहत महिलाओ को न केवल बचत के प्रति जागरूक किया जा रहा है, बल्कि स्वरोजगार से भी जोड़ने के लिए एस एच जी को वितीय पोषण कराया जा रहा है। इससे महिलाएं भी आर्थिक तौर पर मजबूत होगी। क्योंकि बिना महिलाओ के विकास के देश का विकास संभव नही है। उन्होंने पंचायत के महिलाओं को लघु एवं कुटीर उद्योग से जोड़कर आर्थक मजबूती के लिए जोर देने की बात कही। मौके पर स्वयं सहायता समूहों को लेजर, कैशबुक सहित अन्य पंजिया वितरित की गई। मौके पर स्थानीय मुखिया सकलदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रयाग यादव, वार्ड सदस्य बद्री यादव, समाज सेवी बंधन यादव, बासुदेव यादव, अर्जुन यादव, जयराम गोप, संजय यादव, दिवाकर यादव, पिंटू यादव, किशुन यादव, बालेश्वर यादव काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।



कार्यक्रम मे शामिल सकलदेव यादव व अन्य

# हर क्षेत्र में महिलाएं अपना परचम लहरा रही हैं: किशुन यादव

## जीतपुर में आजीविका महिला मंडल की सखी सम्मेलन आयोजित



आदिवासी नृत्य करती सखी मंडल से जुड़ी महिलाएं

**अपेम लाइव : बरही**

रानीचुवा पंचायत के जीतपुर में आजीविका महिला मंडल समूह की ओर से सखी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भजपा नेता किशुन यादव ने किया। इस अवसर पर आदिवासी संस्कृति के तहत रंगा रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सखी मंडल से जुड़ी महिलाओ ने सामूहिक नृत्य कर खुशी का इजहार किया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता किशुन यादव ने मादर के थाप पर जमकर थिरके। इस अवसर पर आजिविका महिला मंडल से जुड़ी महिलाओं ने स्वयं सहायता समूह पर चर्चा की। मौके पर सेल्फ हेल्फ़ ग्रुप की जरूरत पर प्रकाश डाला गया। महिलाओं को संबोधित करते हुए हुए किशुन यादव ने कहा कि अब महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नही है। सखी मंडल के माध्यम से महिलाएं अब अपने अधिकार के प्रति जागरूक हो रहे हैं। आजीविका मिशन के तहत महिलाओ को न केवल बचत के प्रति जागरूक किया जा रहा है, बल्कि स्वरोजगार से भी जोड़ने के लिए एस एच जी को वितीय पोषण कराया जा रहा है। इससे महिलाएं भी आर्थिक तौर पर मजबूत होगी। क्योंकि बिना महिलाओ के विकास के देश का विकास संभव नही है। मौके पर रामचंद्र टुडू, संतोष यादव, राजदेव यादव, किरण देवी, बालेश्वर सिंह, मेहीलाल बास्के, उषा देवी, रीना देवी, बसंत सिंह ,मुकेश सिंह, अर्जुन यादव,जगदेव यादव सहित काफी संख्या में महिलाएं शामिल रहें।

## सूचना

### आरएनवाईएम कॉलेज में कल होगा स्व० रामनारायण यादव की प्रतिमा का अनावरण

**अपेम लाइव : बरही**

राम नारायण यादव मेमोरियल कॉलेज परिसर बरही में क०लेज के संस्थापक स्वर्गीय राम नारायण यादव जी की प्रतिमा का अनावरण 5 दिसंबर को समारोह आयोजित कर किया जाएगा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ विमल किशोर ने बताया की स्वर्गीय राम नारायण यादव की प्रतिमा का अनावरण बिनोवा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति मुकुल नारायण देव के द्वारा किया जाएगा। गौरतलब हो कि राम नारायण यादव मेमोरियल कॉलेज की स्थापना स्वर्गीय राम नारायण यादव जी के द्वारा ही की गई थी। इस क०लेज को विकसित करने में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित वर्तमान सचिव परमेश्वर यादव का अहम योगदान रहा है । इस कॉलेज को शैक्षणिक पटल पर विशेष स्थान दिलाने में में प्राचार्य ड० विमल किशोर का भी योगदान रहा है । इस कार्यक्रम में प्राचार्य ने बरही के प्रबुद्ध जनों, शिक्षा प्रेमी सहित विद्यार्थियों को आमंत्रित किया है।

# बरही में 150 किलोग्राम गांजा बरामद,चार गिरफ्तार

## टैंकर में छिपाकर ले जाया जा रहा था गांजा




प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी एवं डीएसपी

**अपेम लाइव : बरही**
**सुनील कुमार**

गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ नाजिर अख्तर एवं थाना प्रभारी नीरज सिंह के नेतृत्व में की गई छापामारी में 150 किलो गांजा के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। । ज्ञात हो की बरही बाईपास फोरलेन से गांजा की एक बड़ी खेप तेल का खाली टैंकर वाहन में छिपाकर बिहार की ओर ले जा रहे थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टैंकर से 150 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने मौके से 4 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इस संबंध में हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे ने प्रेस वार्ता कर बताया कि दो दिसंबर को गुप्त सूचना के आधार पर टैंकलोरी वाहन (संख्या – पीबी 19 एम–0557) में मादक पदार्थ छिपाकर कर बिहार की ओर ले जाया जा रहा था। गुप्त सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही नाजिर अख्तर एवं अंचलाधिकारी




बरामद गंजा

अरविंद देवाशीष टोप्पो की मौजूदगी में बरही धमना मोड़ बाईपास के पास चेकिंग अभियान शुरू किया गया। इस क्रम में उक्त टैंकर वाहन के केबिन से सटे भाग में भूरे रंग के प्लास्टिक टेप में लिपटा 30 पैकेट गांजा बरामद किया गया। प्रत्येक पैकेट में लगभग 5 किला. ग्राम कुल वजन 150 किलोग्राम गांजा को जब्त किया गया। वहीं टैंकर के मालिक, चालक एवं सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। मौके पर ग्राम नया टोला माधोपुर थाना बख्तियारपुर जिला पटना निवासी सतीश कुमार पिता कमल दास, ग्राम ढोढनपुर थाना चकिया, जिला चंदौली उत्तर प्रदेश निवासी व वर्तमान ग्राम धन. ओला खुर्द रोड, जिला बरनाला पंजाब निवासी धर्म सिंह गोंड पिता रामजीत सिंह गोंड, ग्राम सहलपुर थाना मालीपुर जिला अंबेडकर नगर उत्तर प्रदेश निवासी राहुल तिवारी पिता श्रीलाल तिवारी व ग्राम नया टोला माधोपुर थाना बख्तियारपुर जिला पटना निवासी मो. राजा आलम पिता मो. रफीक आलम को गिरफ्तार किया गया। जिसे शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। ज्ञात हो इनदिनों एनएच दो पर गांजा तस्करी जोरो पर है अबतक बरकट्ठा, गोरहर व बरही में आधा दर्जन बार गांजा जब्त कर कारवाई की जा चुकी है पु. लिसिया कारवाई के बावजूद गांजे की तस्करी रुक नही पा रही है ।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

## वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।

निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

## अधिवक्ता परिषद ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी

**अपेम लाइव : बरही**
**सुनिल कुमार**




श्रद्धांजलि अर्पित करते अधिवक्ता अधिवक्ता

बरही/ हजारीबाग अधिवक्ता परिषद हजारीबाग के द्वारा हजारीबाग बार भवन में देशरत्न ड० राजेंद्र प्रसाद की जयंती सह अधिवक्ता दिवस का आयोजन शुक्रवार किया गया । सर्वप्रथम भारत माता की चित्र पर पुष्प चढ़ाया गया तथा स्व, डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि दी गई। वरीय अधिवक्ता शशिभूषण लाल तथा स्वरूपचंद्र जैन को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । बार के उपाध्यक्ष भैया संजय ने डॉ राजेंद्र की जीवनी पर प्रकाश डाला। अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष डॉ संतोष पांडेय ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद अपने क०लेज में लॉ में टॉपर थे। वे सचमुच देशरत्न थे। मीडिया प्रभारी अधिवक्ता अमित मिश्रा ने कहा कि सभी अधिवक्ताओं के कल्याण का ध्यान रखते हुए उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करना चाहिए । अधिवक्ता कौलेस्वर प्रसाद, रमेश सिंह, विशिष्ट अतिथि एस बी लाल, स्वरूप चंद जैन ने भी विचार रखे। अधिवक्ता लक्ष्मी, अनुराधा, चांदनी, अंजलि, कौशल्या, नेहा अंजुम, श्वेता राणा ने वंदे मातरम् गाया । संचालन विनोद कुमार और धन्यवाद ज्ञापन कपिल देव राणा ने किया ।मौके पर बार एसोसिएशन के सचिव सुमन सिंह,अधिवक्ता परिषद हजारीबाग जिला इकाई के अध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, विनोद कुमार,मीडिया प्रभारी अमित मिश्रा, वासुदेव राणा कपिल देव राणा, चंद्रिका प्रसाद, सतीश दुबे, रवि दुबे, रणविजय दुबे, आदित्य पांडेय, धीरेन्द्र शुक्ला, भैया विवेक प्रियदर्शी, बैजनाथ मिश्रा, प्रमोद सिंह, दिलीप सिन्हा, गौरव सहाय, अरविंद राणा, निवेदिता श्री, रानी उपाध्याय, प्रियंका, अनुराधा मिश्रा, कुणाल भारद्वाज, उत्तम सिंह, रीना, ममता श्रीवास्तव, गोपाल उपाध्याय गौड़ समेत बार एसोसिएशन के सभी कार्यकारिणी सदस्य समेत कई अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

## सैनिक स्कूल तिलैया में कार्यरत मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना जारी, प्रिंसिपल का पुतला दहन

### मजदूरों का मानना होगा- मजदूर संघर्ष समिति




धरना पर बैठे बिनोद यादव व अन्य

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**



पुतला दहन करते मजदुर

सैनिक स्कूल तिलैया में कार्यरत कैजुवल व क०न्ट्रैक्टचुवल मजदूरों का सैनिक स्कूल प्रबंधन खिलाफ द्वारा निकाले जा अनिश्चितक. ालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को मजदूरों को समर्थन देने पहुंचे जिला परिषद सदस्य महादेव राम, बरही के विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव, बरकट्ठा विधायक प्रतिनिधि सरयू प्रसाद वर्मा, मुखिया रमेश प्रसाद, कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि दिगंबर मेहता आदि सैनिक स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि विगत तीन दिनों से सैनिक स्कूल में कार्यरत मजदूर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन सैनिक स्कूल प्रबंधन की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाना स्कूल प्रबंधन की हठधर्मिता को दर्शाता है। वहीं शुक्रवार की सुबह धरना स्थल के निकट जिला प्रशासन द्वारा लाउड स्पीकर नहीं बजाने से संबंधित नोटिस चिपकाये जाने के बाद लोगों में आक्रोश देखी गई। मजदूरों ने कहा कि सैनिक स्कूल प्रबंधन मजदूरों द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से कर रहे धरना प्रदर्शन को दबाने का प्रयास कर रही है। वहीं देर शाम मजदूरों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सैनिक स्कूल प्रबंधन तथा प्रिंसिपल का अर्थी निकालकर विरोध प्रकट किया। अर्थी सैनिक स्कूल गेट से ऊपर मोड़ होते हुए पुनः नीचे मोड़ तक घुमाया गया तथा धरना कार्यक्रम स्थल के निकट पुतला दहन किया गया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर कैलाश दास, माले नेता प्रेम प्रकाश, मुखिया प्रतिनिधि टे. कलाल यादव, किशोर यादव, पंसस महेश प्रसाद, युवा नेता सुधाकर यादव, देवेंद्र कुमार, सरयू दास, अनिल बर्नवाल अब्दुल मन्नान वारसी, रघुवीर कुमार, राजेश राणा सहित कई लोग मौजूद थे।

### आज का प्ंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---04.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---अमावस्या तिथि 01:46 मिनट तक उपरांत प्रतिपदा तिथि
दिन :---शनिवार
नक्षत्र :---अनुराधा नक्षत्र दिन 11:46 मिनट तक उपरांत ज्येष्ठा नक्षत्र
योग :---सुकर्मा
करण :---ना
सूर्योदय :---प्रातः 06:44
सूर्यास्त : संध्या 05:16
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---वृश्चिक राशि में
आज का राहूकाल दिन :---09:00 बजे से दिनः---10:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खास :---आज स्नान दान श्राद्ध की अमावस्या होगी।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पदमा के कुट्टीपीसी,सदर के गुरहेत, दारू के जिनगा, विष्णुगढ़ के चेडरा, नगर निगम के वार्ड संख्या 2,20,21और 22 में आयोजित किया गया शिविर

### पंचायत स्तरीय शिविर में लगभग चार हजार विभिन्न विभागों के मामलों के आवेदन प्राप्त हुए जिसमें सत्रह सौ से अधिक मामलों का किया गया निष्पादन.

**अपेम लाइव : पदमा**



आवेदन प्राप्त करते पदाधिकारी

आपके अधिकार आपकी सरकार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को 8 जगहो ने शिविर का आयोजन किया गयाद्य जिसमें लगाए गए स्ट०लों में विभिन्न योजनाओं के 3995 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 1734 आवेदनों को त्वरित निष्पादन किया गया एवं शेष आवेदनों को प्रक्रियाधीन किया गया। इस क्रम में पदमा के कुट्टीपीसी पंचायत भवन में कुल 364 मामले आए जिनमें 171 मामलों का निष्पादन किया गया,वहीं सदर प्रखंड के गुरहेत पंचायत में लगे शिविर में 518 मामले आए जिनमें 216 मामलों को निष्पादित किया गया, वहीं दारू प्रखंड के जिनगा पंचायत में आयोजित शिविर में कुल 1184 मामले आए जिनमें 418 मामलों को निष्पादित किया गया,विष्णुगढ़ के चेडरा में आयोजित शिविर में 1327 मामलों आए जिनमें 618 मामलों को तत्काल निष्पादित किया गया, वहीं नगर निगम के वार्ड संख्या 2 में लगे शि. विर में 178 मामले आए जिनमें 88 को निष्पादित किया, वार्ड संख्या 20 में 115 मामले आए जिनमें 64 को निष्पादित किया गया, वहीं वार्ड संख्या 21 में 215 मामले आए जिनमें 92 मामलों को निष्पादित किया गया एवं वार्ड संख्या 22 में आयोजित शिविर में 94 मामलों में 68 मामलों को निष्पादित कर किया गया।इस दौरान प्रखंड स्तरीय व जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविर में आकर आवेदन देने की अपील की।

## संविधान निर्माण में डॉ राजेन्द्र प्रसाद के योगदान अतुलनीय : उपेंद्र प्रसाद

### चित्रांश समाज ने मनाई देश रत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की 137 वीं जयंती

**अपेम लाइव : बरही**



जयंती सभा मे शामिल लोग

न्यू कॉलोनी स्थित उपेंद्र प्रसाद के आवास पर देश रत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती चित्रांश समाज बरही की ओर से मनाई गई। देश रत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जीवनी, उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। राजेन्द्र प्रसाद व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उपेंद्र प्रसाद ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने देश को संविधान दिया। संविधान निर्माण में उनका योगदान को भुलाया नही जा सकता। बतौर राष्ट्रपति इन्होंने देश को नई दिशा दी। राजेन्द्र प्रसाद रुख़रीयार ने कहा कि शांत एवं मृदुल स्वभाव के डॉ राजेन्द्र प्रसाद बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने शिक्षा के विकास पर काफी जोर देते रहे। मौके पर उपेंद्र प्रसाद, श्यामसुंदर प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद रुख़रीयार, शैलेन्द्र सिन्हा, श्याम सिन्हा, आशुतोष सिन्हा, रत्नेश रुख़रीयार आदि लोग मौजूद थे।









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




## RAINBOW SCHOOL BARHI
Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)







Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum








इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

—— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,
शुभ दीपावली



रामदेव साव | सुभाष पासवान | मंटु सिंह



कुनाल कतरियार | बिनोद कुमार | टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी



## विकलांग ट्रस्ट के सहयोग से एनटीपीसी ने विकलांग दिवस के अवसर पर कंबल वितरण किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



कंबल वितरण करते लोग

एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने बड़कागाँव ब्लॉक प्रशासन और बड़कागाँव विकलांग ट्रस्ट के सहयोग से विश्व दिव्यांग दिवस मनाया। इस अवसर पर एनटीपीसी के आरएंडआर विभाग ने बड़कागांव में एक समारोह का आयोजन किया जिसमें विभाग के द्वारा विकलांग लाभार्थियों के बीच 100 कंबल का वितरण गया। कार्यक्रम के दौरान सरकारी अधिकारियों ने विकलांग लोगों के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। मौके पर मुख्य अतिथि एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, आरएनआर विभाग के उप-महाप्रबंधक देवराज आनंद, नार्थ-करणपुरा विकलांग ट्रस्ट के प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ राणा, सचिव प्रभावती देवी, संयोजक रामेश्वर महतो, सचिन सोनी, जानकी साव, विमला देवी, मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## जनकल्याण को लेकर मां अष्टभुजी मंदिर कंडाबेर माता स्थान पहुंचे भाजपा नेता सुधांशु सुमन, क्षेत्र की अमन-चेन व शांति को लेकर माथा टेका

### आस्था का प्रतीक है मां अष्टभुजी मंदिर : सुधांशु सुमन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**




पूजा अर्चना के दौरान भाजपा नेता सुधांशु सुमन

जनकल्याण को लेकर मां अष्टभुजी मंदिर कांडबेर माता स्थान पूजा अर्चना करने पहुंचे भाजपा नेता सुधांशु सुमन जहां उन्होंने क्षेत्र की अमन-चौन व शांति को लेकर प्रार्थना किया। पूजा अर्चना के दौरान पुजारी देवदत्त मिश्रा ने सुधांशु सुमन,अर्जुन सोनी,अमित मालाकार को आशीर्वाद स्वरुप माता अष्टभुजी की चुनरी भेंट की। एवं मंदिर की परिक्रमा करने के पश्चात सुधांशु सुमन ने मंदिर परिसर में संकल्प स्वरूप नारियल की बलि चढ़ाई। मौके पर भा. जपा नेता सुधांशु सुमन ने कहा कि मां अष्टभुजी आस्था का प्रतीक है जहां लोगों की सभी मनोकामना पूर्ण होती है। जिसे लेकर आज मैं मां अष्टभुजी मंदिर पहुंचा हूं ताकि मानव सेवा, राष्ट्र विकास पर संपूर्ण कार्य हो जिसके लिए माता मुझे आशीर्वाद दें। साथ ही पुजारी देवदत्त मिश्रा ने मां अष्टभुजी मंदिर की उपलब्धियों को बताया। जहां उन्होंने बताया कि माता के दरबार में जो सच्चे मन पहुंचकर अपने मन्नते मांगते हैं उनकी मुरादें अवश्य पूर्ण की जाती है। आगे उन्होंने बताया कि मां अष्टभुजी अपनी संतानों को संतान एवं हारे हुए लोगों को विजय दिलाती है माता पर फूल चढ़ाने की परंपरा प्राचीन से चली आ रही है। जहां पूजा के दौरान माता के माथे से फूल गिरते हैं उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। माता के माथे से फूल गिरते हीं उन्हें संकेत मिल जाती है कि उनकी मुरादें स्वीकार कर ली गई है। बता दें कि मुख्य मंदिर के आसपास सालों भर हरा भरा रहने वाला कई औषधीय गुणों से परिपूर्ण दुर्लभ पेड़ भी हैं। हालांकि मंदिर परिसर में सालों भर श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहता है। मौके पर पुजारी देवदत्त मिश्रा, उमेश पाठक, महेश पाठक, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, अनिल कुमार मिश्रा, लोकनाथ पाठक, पंकज मिश्रा, राजू मिश्रा, अरुण मिश्रा, चंदन मिश्रा, नवीन मिश्रा, उपेंद्र मिश्रा, रंजन मिश्रा, राजेश कुमार मिश्रा, मनोज मिश्रा सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया वैक्सिनेशन केंद्रों का निरीक्षण

### वैक्सिनेशन में लापरवाही नहीं होगी बर्दास्त : हुलास

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद सिंह**




निरीक्षण करते प्रखण्ड किकास पदाधिकारी

शुक्रवार को प्रखण्ड किकास पदाधिकारी हुलास महतो ने प्रखण्ड में चल रहे वैकि. सनेशन केंद्रों का निरीक्षण किए।निरीक्षण के क्रम में कई लोग वैक्सिनेशन में दिलचसपी नहीं दिखलाने वालो को फटकार भी लगाया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जो वैक्सिनेशन कराने को बाकी है वो टिका लगवालें। तथा जिन्हें पहला डोज मिल चुका है और उनका समय पूरा हो गया है वे दूसरा डोज लगवा लें।. उन्होंने कहा कोविड से निपटने के लिए पूरा सरक. ारी महकमा लगा हुआ है और जनता का भी साथ मिल रहा है लेकिन यदि कर्मियों के द्वारा वैक्सिनेशन कार्य मे लापरवाही बरता गया तो वैसे कर्मियों पर कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने वैक्सिनेशन केंद्र डोंडागड़ा, स्वास्थ्य केंद्र कान्हाचट्टी, कोल्हैया के छेवटा, जोरी सहित अन्य केंद्रों का निरीक्षण किये

## बड़कागांव प्रखंड में 117 विद्यालयों में प्रबंधन समिति का हुआ पुनर्गठन

### बड़कागांव आदर्श मध्य विद्यालय के संतोष राम अध्यक्ष बने

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**




अध्यक्ष संतोष राम एवं शिक्षक गण

बड़कागॉव प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में प्रबंधन समिति का गठन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम साहू के नेतृत्व में किया गया। 3 दिसंबर शुक्रवार को एक साथ 117 विद्यालयों में ग्राम शिक्षा प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया । आदर्श मध्य विद्यालय के प्रांगण में मुखिया मीरा देवी के अध्यक्षता में ग्राम शिक्षा समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष संतोष राम, उपाध्यक्ष अनीता देवी, संयोजिका सावित्री देवी , जबकि समिति के सदस्य में कपूर देवी, लक्ष्मी देवी, दीपक सिन्हा, छुन्नू रविदास, अनीता देवी , गोवर्धन कुमार, सुनीता कुमारी , रोहित साव, नसीमा खातून शोभा देवी, प्रधानाध्यापक अशोक कुमार शिक्षक रामवृक्ष राम, बाल संसद से कोमल कुमारी भारती को सर्व समिति से चुना गया, सीआरपी अजय कुमार, पर्यवेक्षक के रुप में काँड़तरी के प्रभारी प्रधानाध्यापक संतोष कुमार वह सिकरी मध्य विद्यालया के शिक्षक राममजी सिंह, के देखरेख में समिति का गठन किया गया। इसके अलावे बड़का गांव के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक रवि शंकर पाठक के नेतृत्व में प्रबंधन समिति का गठन किया गया। सर्व समिति से अध्यक्ष हूलाला प्रसाद दांगी, उपाध्यक्ष सरिता देवी, संयोजिका प्रीति कुमारी, का चयन चयन किया गया। बड़कागांव भुइया टोली स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में पर्यवेक्षक नकुल महतो, प्रभारी प्रधानाध्यापिका पम्मी कुमारी नेतृत्व में गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पूजा देवी , उपाध्यक्ष संजू देवी, संयो. जिका मिली देवी, चोरका उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में पर्यवेक्षक देवनाथ कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक गंगाधर लो. हरा के नेतृत्व में अध्यक्ष ललिता देवी, उपाध्यक्ष हीरामन महतो, संयोजिका मीना देवी का चुनाव किया गया वहीं नव प्राथमिक विद्यालय हुरलंगबागी में पर्यवेक्षक देवेंद्र कुमार सचिव राजेंद्र कुमार महतो के नेतृत्व में अध्यक्ष किरण कुमारी, उपाध्यक्ष सुनीता - देवी, संयोजिका सरिता देवी का चुनाव किया गया। प्रखंड के 117 विद्यालयों में प्रबंधन समिति का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। जिसमें मुख्य रुप से बीपीएम प्रह्लाद कुमार गुप्ता, संकुल साधन सेवी अभय कुमार, लखन लाल महतो, अजय कुमार , दीपक कुमार, देवदत कुमार पाठक,तनवीर अख्तर, रामदेव साहू, खेदन साव राजेंद्र प्रजा. पति , धनंजय कुमार दास आदि शिक्षकों ने अपने ने दायित्व का निर्वहन किया।

## कान्हाचट्टी स्वास्थ्य केंद्र में शुरू हुआ नसबंदी का ऑपरेशन

### कान्हाचट्टी स्वास्थ्य केंद्र में है ऑपरेशन की सभी सुविधाएं : डॉ मनीष

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद सिंह**



प्रखण्ड के के महिला जिन्हें फैमिली प्लानिंग नसबंदी कराने का मन बनाए है उनके लिए अब प्रखण्ड वासियो के लिए खुशखबरी का दिन शुक्रवार को रहा। शुक्रवार से कान्हाचट्टी स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं को फैमिली प्लानिंग का ऑपरेशन का कार्य शुरू किया गया है। बाबते चलें कि इससे पहले नसबंदी कराने वाली महिलाओं को चतरा जाकर दो से तीन दिनों तक इंतजार करना पड़ता था, लेकिन चिकित्सा प्रभारी डॉ० आदित्य शेखरब के प्रयास ने रंग लाया और नसबंदी कराने वाली महिलाओं के लिए कान्हाचट्टी स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेशन का कार्य सर्जन ड० मनीष लाल के द्वारा किया जाने लगा है। शुक्रवार को कान्हाचट्टी स्वास्थ्य केन्द्र में 21 मं. हलाओं का रजिस्ट्रेशन कर ऑपरेशन किया गया डॉ० मनीष लाल ने बताया कि कान्हाचट्टी की जनता की सुविधा को देखते हुए स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेशन की ब्यवस्था किया गया है। वहीं डॉ० आदित्य शेखर ने कहा कि कान्हाचट्टी में अभी बंध्याकरण का कार्य शुरू हुआ है अब इसके बाद और ड०क्टरों को प्रतिनियुक्त कर यहां की जनता को बाहर इलाज कराने के लिए जाने से रो. कना है।

## डीडीसी ने डूमर में बने मनरेगा पार्क का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : चुरचू**

**अरविन्द टुडू**




मनरेगा पाक का उद्घाटन करते

चुरचू प्रखंड चुरचू पंचायत डूमर में 3 एकड़ पर बने मनरेगा पार्क का हजारीबाग डीडीसी ने किया उद्घाटन जिसमें मनरेगा पार्क में कूप बकरी सेड गया सेड सुवर सेड साथ ही फूल बागवानी जैसे पार्क में सभी प्रकार का पैधे लगाए गये हैं। डीडीसी ने सभी मनरेगा से जितने भी बने पार्क के लाभुक को बताया कि मनरेगा योजना से आप लोग को हर योजना दिया जाएगा जिससे आप अपने पार्क को और भी सुंदरी कारण कर सके जैसे चापाकल कुंवा बकरी शेड सूअर सेड भी दिया जाएगा जिसे आप सभी को मनरेगा योजनाओं के तहत जो पार्क बना है उस पर से आप को 12 महीना काम एवं 12 महीना खेती करने का सभी सुविधाएं दी जाएगी अगर कोई वैसे लाभुक है जो अभी भी अपने जमीन पर मनरेगा पार्क बनवाना चाहते हैं। मनरेगा के तहत बने पाक उद्घाटन में मुख्य रूप से हजारीबाग डीडीसी चूरचू प्रखंड विकास पदा. धिकारी इंदर कुमार चुरचू प्रखंड मनरेगा बीपीओ मन. रेगा इंजीनियर चूरचू पंचायत रोजगार सेवक तिलेश्वर हसदा अंगों पंचायत रोजगार सेवक संजय कुमार रंजीत मरांडी विक्की डांग एवं वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## बढ़ते ठंड को देखते हुए मुखिया ने किया कम्बल वितरण

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



कम्बल का वितरण करते

शुक्रवार को बिरनी थाना क्षेत्र के बंगराकला पंचायत भवन में मुखिया सह मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष देवनाथ राणा के द्वारा पंचायत अंतर्गत बंगराकला, मनिहारी , बा. राटांड़ के वृद्ध महिला पुरूष, विधवा महिला , विकलांग, असहाय निर्धनो के बीच बढ़ते ठंड को देखते हुए आज मुखिया ने 200 कम्बल का वितरण किया बतादे की सभी वार्ड सदस्यों व तीनो गाँवो के समाजसेवियों व सम्मा. नित ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया । सभी वृद्ध असहाय माताओ ने खुश होकर मुखिया देवनाथ राणा को आशीर्वाद भी दिया और बोले कि इसी तरह गरीबो की सेवा करते रहिए इसका फल जरूर मिलेगा कम्बल वितरण कार्यक्रम में, उपमुखिया भुनेश्वर राणा, पंचायत सचिव पुरण मांझी संजय राणा रामेश्वर महतो प्रकाश साव महेंद्र राणा प्रकाश राणा वार्ड सदस्य पोखनी देवी भोलानाथ बैठा, कामदेव दास मितलाल यादव भुनेश्वर यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ में कांसा-पीतल बर्तन उद्योग के बहुरेंगे दिन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



ब्रास एंड ब्रोन्ज कलस्टर के कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि

विष्णुगढ़ ब्रॉस एंड ब्रोन्ज कलस्टर विष्णुगढ़ में स्पूर्ति कार्यक्रम के तहत एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन देवी मंडप प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी जोन अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए प्रारंभिक हुनर के विकास की आवश्यकता है। इसके लिए विष्णुगढ़ में पारंपरिक कांसा बर्तन निर्माण हेतु नई तकनीक को जोड़ते हुए यह परियोजना शीघ्र चालू की जाएगी। इसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है। बतौर मुख्य अतिथि खादी ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक जेके गुप्ता ने कहा कि वर्षों से लंबित यह परियोजना हमारे हाथों से पूरा हो रही है। इस योजना से स्थानीय युवाओं को अन्य उद्योगों से भी जोड़ने हेतु पहल की जाएगी। तकनीकी एजेंसी जुडकों के प्रबंधक साकिब अहमद ने भी परियोजना पर प्रकाश डाला। ग्राम विकास मंच सचिव ने कहा कि विष्णुगढ़ ब्रास एंड ब्रोंज कलस्टर से उत्पादित सामग्री को राज्य के अलावा देश एवं विदेशों में भी बिक्री हेतु गुणवत्तापूर्ण कार्य योजना पर काम किया जा रहा है। मंच संचालन गुरू प्रसाद साव ने किया। मौके पर राजीव मलहोत्रा, सुनील कुमार सिंह, राजीव घोष, जिप सदस्य यशोदा देवी, रामचंद्र यादव, संजय कसेरा, केदार कसेरा, बिनोद कसेरा, मि. थलेश कसेरा, संदीप कसेरा, पिंकू कसेरा, इन्दिवर आर्या, ममता देवी, लाली पांडेय, जनेश्वर सिंह, लक्ष्मण कसेरा समेत कई लोग मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ के चेड्रा पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 618 मामलों का हुआ त्वरित निष्पादन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



` चेडरा में आयोजित जनता दरबार का उद्घाटन करते पदाधिकारी

आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड के चेडरा पंचायत अंतर्गत उमवि चलंगा परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी, सीओ रामबालक कुमार, जिप सदस्य जयप्रकाश पटेल, प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता, मुखिया अशोक कुमार, चिं. कत्सा पदाधिकारी डo अरूण कुमार सिंह समेत कई लोगों ने दीप प्रज्जव. लित कर शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में राजस्व विभाग, स्कूली शिक्षा, बिजली वितरण, मनरेगा, आवास, जन. वितरण, पेंशन, स्वास्थ्य, मत्स्य, कल्याण, कृषि एवं पशुपालन विभाग समेत कई विभागों के अलग-अलग स्टoल लगाए गए थे। स्टoल पद प्रतिनियुक्ति कर्मियों के माध्यम से लाभुकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ का आवेदन लिया गया। इसके अलावा योजनाओं की आवश्यक जानकारी लोगों को उपलब्ध कराई गई। शिविर में 1327 मामले आए जिसमें 618 मामलों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया। वहीं, 709 मामले लंबित रह गए। इन्हें शीघ्र निष्पादन करने का भरोसा दिया गया। बीडीओ संजय कोंगारी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आपके द्वार पहुंचकर समस्याओं का निष्पादन किया जा रहा है। लोग इसका लाभ लें। जिप सदस्य ने कहा कि सरकार की यह अच्छी योजना है। इससे आम लोगों को काफी सुविधा होगी। पदा. धिकारी अपने कार्यालय में भी लाभुकों की समस्याओं का निष्पादन करें। मौके पर नाजिर विजय प्रसाद, एमओ आलोक कुमार, बीपीओ राजेश कुमार, जीपीएस रामचंद्र दांगी समेत कई लोग मौजूद थे।

## धान मिंजाई की परंपरागत तकनीक विलुप्ति की कगार पर, ट्रैक्टर के बाद थ्रेसर बना रहा स्थान

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार**



धान की मिंजाई में थ्रेसर

बदलते समय के साथ ही खेती-किसानी में काफी बदलाव आते जा रहे हैं। खेती में ट्रैक्टर का उपयोग तो काफी वर्षों से होता आ रहा है। लेकिन अब क्षेत्र में धान की मिंजाई में थ्रेसर ने अपना स्थान बना लिया है। नयी तकनीकों ने कृषि में उत्पादन एवं सरलता को नये आयाम तो दिये ही है किन्तु उन परंपरागत तरीको को पूरी तरह से खत्म करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ा है। ट्रैक्टर के प्रयोग ने गोवंश की उपयो. गिता को खत्म किया तो वहीं धान मिंजाई में भी गोवंश का स्थान थ्रेसर ने ले लिया है। टाटीझरिया, ध. रमपुर, मंडपा, डहरभंगा, भराजो, झरपो, बेडम, कोल्हू, केसडा, खैरा, बेडमक्का, होलंग, बेरहो, डुमर, मुरूमातु, बौधा, अमनारी, खंभवा, नारायणपुर, गोधिया आदि गांवों में थ्रेसर से 900-1100 रूपये प्रति घंटा की दर से धान निकाला जा रहा है। क्षेत्र में अब काफी संख्या में लोगों ने थ्रेसर की खरीददारी कर लिये हैं। इस समय कमाई का यह एक अच्छा जरिया बना हुआ है।

**अब खलिहान के अस्तित्व पर भी मंडरा रहा खतरा**

धान की मिंजाई के लिए किसान खलिहान बनाते हैं। इस जगह का साफ सुथरा कर गोबर से लीपा जाता है। खलिहान को बेहद पवित्र माना जाता है। लोग खलिहान मे जूते या चप्पल पहनकर नहीं जाते हैं। धान की बालियों को खलिहान मे छींटकर उसपर बैल या भैंसों से उसके चारो तरफ घुमाया जाता है। लेकिन थ्रेसर से धान निकालने के दौर में अब खलिहान बनाने का प्रचलन भी अब विलुप्ति की ओर है। किसान अजय सिंह, जीतन यादव, मनीष कुमार ने बताया कि थ्रेसर से धान मिंजाई मे आसानी हो गया है। इससे काम जल्दी और सुलभ हो गया है। पशुओं से धान मिंजाई करने का यह परंपरागत तरीका सिर्फ कुछ ही किसानों के बीच चलन में है क्योंकि अभी तक ट्रैक्टर की तरह थ्रेसर गांवों में आसानी से उपलब्ध नहीं है और महंगा होना भी एक कारण है। आगे संभव है कि गाय बैलों द्वारा धान मिंजने का तरीका सिर्फ चलचित्रों या तस्वीरों में देखने को मिलेगा।

## बिजली विभाग की लापरवाही पर फूटा गुस्सा, टाटीझरिया चौक पर किया गया पुतला दहन

### टाटीझरिया प्रखंडवासी बिजली आपूर्ति बाधित करने को लेकर करेंगे कार्यालय का घेराव

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार**



पुतला दहन करते उपभोक्ता

टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में ग्रामीण बिजली विभाग की कारगुजारियों से त्रस्त हैं। बेवजह क्षेत्र के उपभोक्ताओं को विभाग लगातार परेशान करता आ रहा है। क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप्प रह रही है जिससे त्रस्त उपभोक्ताओं ने टाटीझरिया चौक पर भा. जपा प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव व सांसद प्रति. निधि कैलासपति सिंह के संयुक्त नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उत्तरी छोटानागपुर के बिजली महाप्रबंधक का पुतला दहन किया गया। नेताओं ने बताया कि लगातार टाटीझरिया के साथ विभाग द्वारा ईर्ष्या की भावना से काम किया जाता है। जेई, सहायक अभियंता फोन भी नहीं उठाते हैं। दारू व झुमरा में बिजली जलता रहता है पर टाटीझरिया में अंधेरा रहता है। जब उसके अधिकारियों को फोन किया जाता है तो 5 मिनट बिजली दी जाती है और फिर काट दी जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थिति नहीं सुधरी तो वह बिजली विभाग कार्यालय का घेराव करेंगे। बताते चलें कि बिजली की अनियमितता का प्रमुख कारण कवालू सबस्टेशन भी है। इस पर किसी का नकेल नहीं है। 2011 ईसवी में टाटीझरिया में बिजली सब स्टेशन का निर्माण शुरू हुआ जो अब तक अधूरा पड़ा है। इस ओर न तो किसी जनप्रति. निधि का ध्यान है और न ही सरकार का। अंततोगत्वा शुक्रवार को चौक पर पुतला जलाकर सांकेतिक रूप से आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस मौके पर एमके पाठक, होपन सिंह, अजय सिंह, राजेश यादव, अनिल प्रसाद, अधीर तिवारी, सुनील साव, विजय ठाकुर, सुरेश प्रसाद कुशवाहा, शंकर राम, संतोष मण्डल, सेवा साव, महेंद्र कुमार, मिथिलेश प्रजापति, सुखदेव पांडेय समेत काफी संख्या में लोग सम्मिलित थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## परिवार, समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं सखी मंडल की दीदीयाँ

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**


विधायक अमित यादव

बरकट्ठा प्रखंड के बरकनगांगो पंचायत, जतघघरा में आजीविका महिला मंडल समूह का वहां के बहनों के द्वारा सखी सम्मेलन आयोजित किया गया कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि विधायक अमित कुमार यादव उप. स्तिथ होकर कार्यक्रम का शुभारंभ किए अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा महिला स्वयं सहायता समूहों व सखी मंडलों की दीदियां अपने परिवार, समाज व राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिलाएं देश हित में ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के बीच अच्छी सोच का सृजन करने की दिशा में रीढ़ की हड्डी साबित हो रही है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, सरजू प्रसाद, इंदरदेव यादव, संतोष यादव, रामचंद्र सिंह, रामदेव यादव, मथुरा यादव, सकलदेव यादव, त्रिवेनी यादव सहित कई गांवों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए

## खरगू प्रधान ने किया कंबल वितरण

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



खरगू प्रधान कंबल वितरण करते

चलकुशाः प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खरगू के पंचायत भवन परिसर में प्रधान रेखा पांडे के द्वारा झारखंड सरकार के द्वारा उपलब्ध कराएं गए ।कंबल 85 जरूरतमंद एवं बुजुर्गो के बीच वितरण किया गया ।मौके पर प्रधान प्रतिनिधि दिनेश पांडे ऐपवा अध्यक्ष सविता सिंह, अशोक चौधरी ,अशोक यादव वार्ड सदस्य ब्रह्मदेव मोदी ,ऐनुल अंसारी तूफानी अंसारी, त्रिलोकी रविदास, अख्तर अंसारी, मथुरा यादव, दुरकी नायक, राम लखन पासवान ,तुलसी धोबी ,शांति देवी, लखिया देवी ,राजेश यादव ,बिंदेश्वर यादव एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## चलकुशा उपप्रमुख के द्वारा कंबल वितरण

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




उपप्रमुख दुर्गा यादव

चलकुशाः प्रखंड के उपप्रमुख दुर्गा यादव के द्वारा ग्राम खारी पंचायत खरगू मैं झारखंड सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल 85 बुजुर्ग एवं जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया गया मौके पर रघु यादव ,प्रदीप पंडित, शंभू मोदी ,महावीर पंडित, त्रिलोकी राणा ,तूफानी अंसारी, तीरथ दास, भुवनेश्वर राणा ,कृष्ण देव राणा, उद्दीन अंसारी ,परमेश्वर साव, जाकिर अंसारी, गुड्डू मोदी, ऐनुल अंसारी एवं काफी संख्या में पंचायत के लोग उप. स्थित थे।

## देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद देश के लिए सदैव अनुकरणीय हैं

### आचार्य ए के सिंह डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जयंती और विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**



शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में देश के प्रथम राष्ट्रपति डo राजेंद्र प्रसाद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा षष्ठ से एकादश वर्ग के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। ,वैष्णवी कुमारी, सोनी कुमारी, क्लास छठी डी,प्रिया राज अष्टम ए , राजकुमार ,आदित्य राज, राज कुमार गुप्ता और आदित्य रोशन क्लास नवम सी ने राजेंद्र प्रसाद के जीवन पर रोशनी डाला ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि देश रत्न डo राजेंद्र प्रसाद बचपन से ही बड़े मेधावी थे। अपने कक्षा में सदैव प्रथम स्थान लाते थे। देश की आजादी में इनका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही संविधान सभा के अध्यक्ष नियुक्त हुए। स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में इनका अभूतपूर्व योगदान रहा है। प्राचार्य महोदय ने कहा कि आज विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर हमें दिव्यांग लोगों के बीच सौहार्द का भाव लाना होगा। दिव्यांग जनों में सहजता का भाव हो इसके लिए हमें उनके साथ सकरात्मक भाव लाना होगा। प्राचार्य ने कहा कि दुनिया में एक से बड़े एक उदाहरण हैं जहां व्यक्ति दिव्यांग होते हुए भी अपने जीवन में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है ।लुइस ब्रेल,रविंद्र जैन,अरुणिमा सिन्हा जैसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने जीवन में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। अतः हमें हिम्मत नहीं हारना है बल्कि संघर्ष करते हुए जीवन में आगे बढ़ना है ।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने अपना अभूतपूर्व योगदान दिया।

## पंचायत समिति सदस्य बेबी देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम से दिया आवेदन

## पंचायत सचिव पर मनमानी करने का आरोप


**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**


बिडिओ को आवेदन सौंपती बेबी देवी व अन्य

चलकुशाः प्रखंड के ग्राम पंचायत चौबे पूर्वी एवं पश्चिम पंचायत समिति सदस्य चलकुशा प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम से प्रखंड कार्यालय में लिखित आवेदन दिया है । आवेदन में कहा गया है कि चौबे पंचायत सचिव को झारखंड सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए गए ।कंबल का वितरण बिना पंचायत समिति के जानकारी दिए हुए किये ।अपने मनमाने तरीके से वितरण कर दिया गया है। जिससे पूर्वी एवं पश्चिम पंचायत समिति सदस्य को अपमानित एवं अधिकार हनन करने का काम किया है ।प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी इसे संज्ञान में लेकर उचित जांच कर कार्रवाई करने का मांग किया है ।नहीं तो 7 दि. संबर 2021 को सुबह 10:30 बजे प्रखंड मुख्यालय के सामने पूर्वी एवं पश्चिमी पंचायत समिति के द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा अनिश्चितकालीन धरना जिसकी जवाबदेही प्रखंड प्रशासन होगी।

## कुमकुम ने मुआवजा को लेकर सीओ से मुलाकात की

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



सीओ से मुलाकात करती कुमकुम देवी

बरकट्ठा प्रखंड के विभिन्न गांवों में हाथियों द्वारा नुकसान किए जाने का सिलसिला जारी है। बीती रात हाथियों का झुंड चुगलामो पंचायत का सिमरिया टोला पहूंचा और जमकर उत्पात मचाया। सिमरिया टोला निवासी किशोर चौधरी, राजू चौधरी, नरेश चौधरी, मुनीलाल चौधरी और गुलाबचंद चौधरी का हाथियों के झुंड ने घर साथ खलिहान में रखे धान तोड़ दिया साथ ही धान का को भी खा गए ।किशोर चौधरी का आलू का फसल नष्ट करने के साथ फसल नष्ट करने के साथ एक घर में बंधी एक बछिया को भी मार दिया। सूचना मिलने पर जिप सदस्य कुमकुम देवी घटनास्थल पर पहूंचकर हालात की जायजा ली और बरकट्ठा के अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल से मिली एवं वन विभाग के पदाधिकारियों से बात कर मुआवजा हेतु गुहार लगाई ।कुमकुम ने बताया कि पिछले साल भी सिमरिया टोला में हाथियों द्वारा मकान तोडा गया था लेकिन उसका मुआवजा सरकार द्वारा अभी तक नहीं मिल पाया है।




APEM LIVE